1

CAPF (AC) 2017 –

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : U-GIA-JBOS** परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

0231417

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

# A

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 250*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम कोड़ A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जायेगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

निम्नलिखित 7 **(सात)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II । इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

(c) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है

(d) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

**1.** कथन I : रोपण खेती प्रायः आर्द्र-उष्णकटिबंध में व्यवहार में लायी जाती रही है ।

कथन II : आर्द्र-उष्णकटिबंध की मृदा अत्यधिक उर्वर है ।

**2.** कथन I : गिरगिट अपनी त्वचा के रंग को परिवेश के रंग के अनुरूप करने के लिए बदलता है ।

कथन II : गिरगिट की त्वचा, प्रतिदीप्ति के माध्यम से परिवेश के रंग के प्रकाश को उत्सर्जित करती है ।

**3.** कथन I : कभी-कभी हम दो इंद्रधनुष एक साथ देखते हैं, जिसमें प्राथमिक इंद्रधनुष के साथ एक अन्य अल्प गहन द्वितीयक इंद्रधनुष लगभग 10 डिग्री दूर होता है ।

कथन II : द्वितीयक इंद्रधनुष जलबिन्दुकों से सूर्य के प्रकाश के परावर्तन के पश्चात् अपवर्तन के कारण दिखाई देता है ।

**4.** कथन I : भारत में राष्ट्रीयता, जिसे पश्चिमी देशों से शिक्षाप्राप्त भारत के राजनीतिक नेतृत्व द्वारा विशेषाधिकृत प्रतिष्ठा दी गई थी, पश्चिमी जगत से 'भिन्न' किन्तु 'व्युत्पादित प्रोक्ति' (डेरिवेटिव डिस्कोर्स) थी ।

कथन II : पश्चिमी साम्राज्यवाद की प्रतिक्रिया के रूप में भारतीय राष्टीयता 'ऐसी सभी प्रतिक्रियाओं के समान, जो उससे रूप ग्रहण करती हैं जिसकी प्रतिक्रिया में यह होती है' थी ।

**5.** कथन I : ब्रिटिश विधिवेत्ता प्रामाणिक मूलग्रंथों के अभिनियमों को समझने के लिए भारतीय पंडितों और मौलवियों का भरोसा करते थे ।

कथन II : ब्रिटिश सत्ता ने 1783 में हिंदू कानूनों को तथा 1785 में मुस्लिम कानूनों को संहिताबद्ध किया ।

**6.** कथन I : दादाभाई नौरोजी ने तर्क दिया कि जो कुछ बाहर अपवाहित हो रहा था वह 'संभावित अधिशेष' था । जिसे यदि भारत में निवेश किया जाता तो भारत में अधिक आर्थिक विकास हो सकता था ।

कथन II : साम्राज्यवादियों का विश्वास था कि भारत को व्यापक पूंजीवादी विश्व बाजार में ले आया गया था तथा यह अपने आप में आधुनिकीकरण की ओर प्रगति थी ।

The following 7 (***Seven***) items consist of two statements, Statement I and Statement II. Examine these two statements carefully and select the correct answer using the code given below :

*Code :*

(a) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

(b) Both the statements are individually true but Statement II is NOT the correct explanation of Statement I

(c) Statement I is true but Statement II is false

(d) Statement I is false but Statement II is true

**1.** Statement I : Plantation farming has mostly been practiced in humid tropics

Statement II : The soil of humid tropics is highly fertile

**2.** Statement I : Chameleon changes its skin colour to match with the colour of the surroundings

Statement II : The skin of chameleon emits light of the colour of the surrounding through fluorescence

**3.** Statement I : Occasionally we see two rainbows together, the primary rainbow with another less intense secondary rainbow about 10 degrees away

Statement II : The secondary rainbow appears due to refraction after a reflection of sunlight from the water droplets

**4.** Statement I : Nationalism in India, which was assigned a privileged position by its western educated political leadership, was a 'different', but a 'derivative discourse' from the west

Statement II : Indian nationalism as a response to western imperialism was 'like all such responses, shaped by what it was responding to'

**5.** Statement I : The British legal scholars relied on Indian Pandits and Maulavis for understanding of canons of authoritative texts

Statement II : British codified the Hindu Laws in 1783 and the Muslim Laws in 1785

**6.** Statement I : Dadabhai Naoroji argued that what was being drained out was 'potential surplus' that could generate more economic development in India if invested in India

Statement II : Imperialists believed that India was brought into the large capitalist world market and that was in itself a progress towards modernization

7. कथन I : मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के अब किसी अंग्रेजी लेखक द्वारा जीते जाने की संभावना नहीं है ।

कथन II : बुकर प्राइज फाउन्डेशॅन ने घोषणा की कि मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार को 2016 के पश्चात् से अनूदित कथा-साहित्य के लिए एक पुरस्कार के रूप में विकसित किया जाना था ।

8. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) यह एक समाज-कल्याण योजना है जो BPL परिवारों को LPG कनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए है

(b) इस योजना को वर्ष 2015 में आरंभ किया गया था

(c) इस योजना के अधीन सरकार ने 5 करोड़ LPG कनेक्शन का लक्ष्य नियत किया है

(d) इस योजना का उद्देश्य रसोई का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करवाकर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है

9. भारतीय सर्वेक्षण विभाग के 250 वें वार्षिकोत्सव पर निम्नलिखित में से किस पोर्टल की शुरूआत की गई ?

(a) सर्विस प्लस

(b) डिजीमैप

(c) उड़ान

(d) नक्शे

10. ट्रान्सपैरेन्सी इंटरनेशनल द्वारा जारी किये गये भ्रष्टाचार प्रत्यक्षण सूचकांक 2016 में, निम्नलिखित में से किस देश को न्यूनतम भ्रष्ट देश का दर्जा दिया गया है ?

(a) डेनमार्क

(b) स्वीडन

(c) स्विट्ज़रलैंड

(d) नॉर्वे

11. केन्द्रीय सतर्कता आयोग, किसकी संस्तुति पर गठित किया गया था ?

(a) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग

(b) गोरवाला समिति

(c) कृपलानी समिति

(d) संथानम समिति

12. भारत के संविधान में नौवीं अनुसूची किस संशोधन द्वारा जोड़ी गयी थी ?

(a) चौदहवाँ संशोधन

(b) पहला संशोधन

(c) तिरानवेवाँ संशोधन

(d) निन्यानवेवाँ संशोधन

13. भारत के उच्चतम न्यायालय में, निम्नलिखित में से किस एक वाद में पिछड़े वर्गों के बीच 'क्रीमी लेयर' के मुद्दे पर चर्चा की गयी

(a) के. एम. नानावती बनाम स्टेट ऑफ बॉम्बे

(b) इंद्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (भारत संघ)

(c) मधु लिमये बनाम वेद मूर्ति

(d) सज्जन सिंह बनाम स्टेट ऑफ पंजाब

7. Statement I : The Man Booker International Prize is now unlikely to be won by an English author

Statement II : The Booker Prize Foundation announced that the Man Booker International Prize was to evolve from 2016 onwards into a prize for fiction in translation

8. Which one of the following statements about Pradhan Mantri Ujjwala Yojana is NOT correct ?

(a) It is a social welfare scheme to provide LPG connections in BPL households

(b) The scheme was launched in the year 2015

(c) The Government has set a target of 5 crores LPG connections under the Yojana

(d) The objective of the scheme is to safeguard the health of women and children by providing them with clean cooking fuel

9. Which one of the following portals was launched on the 250th anniversary of Survey of India ?

(a) ServicePlus

(b) DigiMap

(c) Udaan

(d) Nakshe

10. Which one of the following countries has been ranked as the least corrupt country in the Corruption Perception Index 2016 released by Transparency International ?

(a) Denmark

(b) Sweden

(c) Switzerland

(d) Norway

11. The Central Vigilance Commission was set up on the recommendation of

(a) First Administrative Reforms Commission

(b) Gorwala Committee

(c) Kripalani Committee

(d) Santhanam Committee

12. The Ninth Schedule was added to the Constitution of India by the

(a) Fourteenth Amendment

(b) First Amendment

(c) Ninety-Third Amendment

(d) Ninety-Ninth Amendment

13. Which one of the following cases in the Supreme Court of India dealt with the issue of 'creamy layer' among the backward classes ?

(a) K M Nanavati vs. State of Bombay

(b) Indra Sawhney vs. Union of India

(c) Madhu Limaye vs. Ved Murti

(d) Sajjan Singh vs. State of Punjab

14. क्रिप्स मिशन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) मार्च 1942 में, क्रिप्स ने वार कैबिनेट को एक मसौदा घोषणा (ड्राफ्ट डेक्लरेशन) पर सहमत होने के लिए राजी किया

(b) जवाहरलाल नेहरू तथा सरदार पटेल ने मिशन के साथ बातचीत के लिए, कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया

(c) युद्ध के पश्चात् मिशन ने डोमिनियन दर्जा प्रस्तावित किया

(d) युद्ध के पश्चात् मिशन ने संविधान निर्माण-निकाय का गठन प्रस्तावित किया

15. इलाहाबाद की संधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) इस पर वर्ष 1765 में, हस्ताक्षर किये गये थे

(b) मुगल सम्राट ने एक फरमान के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी औपचारिक रूप में अनुदत्त की

(c) 50 लाख रूपये के भुगतान पर अवध इसके नवाब को लौटा दिया गया

(d) बनारस तथा आसपास का इलाका अवध से अलग कर शाह आलम II को सौंप दिया गया

16. निम्नलिखित में से कौन सा, गांधी-इर्विन समझौता का उपबंध **नहीं** था ?

(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन के सभी राजनीतिक कैदियों को तत्काल मुक्त करना

(b) भारत के वित्तीय ऋण को पूरा करने के लिए मार्च 1931 के समझौता के खंड 2 में 'आरक्षणों तथा रक्षोपायों' को परिभाषित किया गया

(c) तृतीय पक्षों को पहले से ही बेची गयी जब्त जमीन की वापसी

(d) शोषित वर्गों के लिए 18 प्रतिशत सीटों का आरक्षण

17. कथा-साहित्य श्रेणी में वर्ष 2017 के लिए निम्नलिखित उपन्यासों में से किस एक ने पुलित्जर पुरस्कार जीता ?

(a) द गोल्डफिन्च

(b) ऑल द लाइट वी कैन्नॉट सी

(c) द सिम्पथाइज़र

(d) द अंडरग्राउंड रेलरोड

18. निम्नलिखित में से क्या, काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर **नहीं** गुजरता/गुजरती है ?

(a) ब्रह्मपुत्र नदी

(b) डिफ्लू नदी

(c) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37

(d) भारतीय रेलवे का रेल पथ

19. US राष्ट्रपति ने 2017 में प्रशांत क्षेत्र के एक व्यापार संगठन से US की वापसी के लिए एक अधिशासी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। निम्नलिखित में से उस संगठन को चिन्हित कीजिए :

(a) एशिया-पैसिफिक इकनॉमिक कोऑपरेशन (APEC)

(b) ट्रांस पैसिफिक पार्टनरशिप (TPP)

(c) फ्री ट्रेड ऐग्रीमेंट ऑफ़ दि एशिया पैसिफिक (FTAAP)

(d) रीज़नल कॉम्प्रिहेन्सिव इकनॉमिक पार्टनरशिप (RCEP)

**14.** Which one of the following statements about Cripps Mission is NOT correct ?

(a) In March 1942, Cripps persuaded War Cabinet to agree to a draft declaration

(b) Jawaharlal Nehru and Sardar Patel represented Congress to negotiate with the mission

(c) The mission offered Dominion status after the war

(d) The mission offered formation of constitution making body after the war

**15.** Which one of the following statements about the Treaty of Allahabad is NOT correct ?

(a) It was signed in the year 1765

(b) The Mughal Emperor by a farman formally granted the Diwani of Bengal, Bihar and Orissa to the East India Company

(c) Awadh was restored to its Nawab on payment of Rs. 50 Lakhs

(d) Banaras and the Surrounding tracts were detached from Awadh and handed over to Shah Alam II

**16.** Which among the following was NOT the provision of the Gandhi-Irwin pact ?

(a) Immediate release of all political prisoners of the Civil Disobedience Movement

(b) Clause 2 of the March 1931 pact defined 'reservations and safe-guards' to cover financial credit of India

(c) The return of confiscated land already sold to third parties

(d) Reservation of 18 per cent seats for Depressed classes

**17.** Which one of the following novels won the Pulitzer Prize for the year 2017 in the Fiction category ?

(a) The Goldfinch

(b) All the Light We Cannot See

(c) The Sympathizer

(d) The Underground Railroad

**18.** Which one of the following does NOT pass through the Kaziranga National Park ?

(a) The Brahmaputra river

(b) The Diphlu river

(c) National Highway No. 37

(d) Railway track of Indian Railway

**19.** The US President in 2017 has signed an executive order for US withdrawal from a trade organization of the Pacific region. Identify the organization from among the following :

(a) Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC)

(b) Trans-Pacific Partnership (TPP)

(c) Free-Trade Agreement of the Asia-Pacific (FTAAP)

(d) Regional Comprehensive Economic Partnership (RCEP)

20. निम्नलिखित अधिनिर्णयों में से किस एक में यह घोषणा की गई है कि भारत के संविधान के भाग III के किसी भी उपबन्ध में संशोधन करने की कोई शक्ति संसद को **नहीं** है ?

(a) केशवानन्द भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल

(b) गोलक नाथ बनाम स्टेट ऑफ पंजाब

(c) चंपकम दोरइराजन बनाम स्टेट ऑफ मद्रास

(d) मिनर्वा मिल्स लिमिटेड बनाम भारत सरकार

21. निम्नलिखित नेताओं में से कौन, दल रहित लोकतंत्र की अवधारणा से संबद्ध है ?

(a) जे. बी. कृपलानी

(b) जयप्रकाश नारायण

(c) आचार्य नरेन्द्र देव

(d) विनोबा भावे

22. निम्नलिखित में से कौन, भारत के संविधान के अनुच्छेद 263 के अधीन अंतर-राज्य परिषद् की स्थापना करने के लिए सशक्त है ?

(a) संसद्

(b) मंत्रिपरिषद्

(c) भारत का राष्ट्रपति

(d) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

23. निम्नलिखित में से कौन सी, नेहरू रिपोर्ट की अनुशंसा **नहीं** थी ?

(a) डोमिनियन दर्जा

(b) पृथक् निर्वाचक मंडल

(c) एकात्मक तथा लोकतंत्रीय केन्द्र

(d) वयस्क मताधिकार

24. 1859 के नील विद्रोह के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) यह पूना और अहमदनगर में शुरू हुआ

(b) यह साहूकारों मनीलेंडर्स के विरुद्ध संचालित था

(c) बंगाल के बुद्धिजीवियों ने इसे बढ़ावा दिया था

(d) यह छोटे जमींदारों तथा बागान मालिकों के पूर्व कर्मचारियों के विरुद्ध संचालित था

25. भारत से अस्पृश्यता का उन्मूलन करने के लिए 1823 में कांग्रेस द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा/से सक्रिय कदम उठाया गया/उठाये गये था/थे ?

1. सवर्ण हिंदुओं को शिक्षित करने और उनके बीच अभिमत तैयार करने हेतु प्रयास ।
2. अस्पृश्यता की बुराइयों के बारे में 'अवर्णों' को शिक्षित करने के प्रयास ।
3. 'अवर्णों' के लिए मंदिरों के द्वारों को बलपूर्वक खोलना ।
4. अस्पृश्यता को विधिविरूद्ध घोषित करने वाले कानून बनाने हेतु सरकार को याचिका देना ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 4

26. निम्नलिखित में से कौन सी एक नदी 1960 की सिंधु जल संधि के अधीन **नहीं** आती है ?

(a) रावी

(b) चनाब

(c) तीस्ता

(d) व्यास

**20.** Which one of the following judgments declared that the Parliament has NO power to amend any of the provisions of Part III of the Constitution of India ?

(a) Kesavananda Bharati vs. State of Kerala

(b) Golak Nath vs. State of Punjab

(c) Champakam Dorairajan vs. State of Madras

(d) Minerva Mills Ltd. vs. Government of India

**21.** Who among the following leaders is associated with the concept of party less democracy ?

(a) J B Kripalani

(b) Jayprakash Narayan

(c) Acharya Narendra Dev

(d) Vinoba Bhave

**22.** Who among the following is empowered to establish Inter State Council under Article 263 of the Constitution of India ?

(a) Parliament

(b) Council of Ministers

(c) President of India

(d) Chief Justice of India

**23.** Which among the following was NOT the recommendation of the Nehru Report ?

(a) Dominion Status

(b) Separate Electorate

(c) Unitary and Democratic Centre

(d) Adult Suffrage

**24.** Which one of the following statements about the Indigo Revolt of 1859 is correct ?

(a) It broke out at Poona and Ahmadnagar

(b) It was directed against moneylenders

(c) It was supported by the intelligentsia of Bengal

(d) It was directed against the petty Zamindars and ex-employees of the planters

**25.** Which of the following active step(s) was/were taken by the Congress in 1823 to eradicate untouchability from India ?

1. Effort to educate and mobilize opinion among caste Hindus
2. Efforts to educate the 'avarnas' about the evils of untouchability
3. Forcibly open the doors of temples for 'avarnas'
4. Petition the Government to pass laws that would declare untouchability unlawful

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2, 3 and 4

(d) 4 only

**26.** Which one of the following is NOT a river covered under the Indus Water Treaty 1960 ?

(a) Ravi

(b) Chenab

(c) Teesta

(d) Beas

27. वर्ष 2017 के लिए मूल भौतिकी में स्पेशल ब्रेकथ्रू प्राइज़ निम्नलिखित में से किन्हें प्रदान किया गया है ?

(a) स्टीफन डब्ल्यू हॉकिंग और रॉजर पेनरोज़

(b) रोनाल्ड ड्रेवर, किप एस. थॉर्न और रेनर वाइस

(c) जोसेफ पोलचिंस्की, एन्ड्रयू स्ट्रॉमिंगर और कमरून वफा

(d) जे. माइकल कोस्टरलिट्ज़, डंकन हाल्डेन और डेविड जे. थाउलेस

28. वर्ष 2017 के लिए निम्नलिखित गणितज्ञों में से किसे एबल प्राइज प्रदान किया गया है ?

(a) जॉन एफ नैश

(b) यवेस मेयर

(c) एस. आर. श्रीनिवास वर्धन

(d) एन्ड्रयू वाइल्स

29. निम्नलिखित विद्वानों में से किसने, भारत के संविधान को 'सीवनरहित जाल' के रूप में अवधारित किया है ?

(a) एम. वी. पायली

(b) डी. डी. बसु

(c) ग्रानवील ऑस्टिन

(d) सुभाष कश्यप

30. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. भारत के संविधान का अनुच्छेद 15 भारत के नागरिकों तथा विदेशियों, दोनों को उपलभ्य है ।
2. भारत के संविधान का अनुच्छेद 16 केवल भारत के नागरिकों को उपलभ्य है ।
3. भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 भारत के राज्यक्षेत्र में, भारत के नागरिकों तथा विदेशियों, दोनों को समान रूप से उपलभ्य है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

31. भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 के अधीन यथा-प्रतिष्ठापित विधि के समक्ष समता तथा विधियों के समान संरक्षण के लाभ, निम्नलिखित में से किसे/किन्हें प्राप्त हो सकते हैं ?

1. भारत में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को ।
2. विदेशों में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को
3. भारत के राज्यक्षेत्र के अन्दर रहने वाले विदेशियों को
4. भारत में जन्मे सभी नागरिकों को

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 4

27. Who among the following are awarded with the Special Breakthrough Prize in Fundamental Physics for the year 2017 ?

(a) Stephen W Hawking and Roger Penrose

(b) Ronald Drever, Kip S Thorne and Rainer Weiss

(c) Joseph Polchinski, Andrew Strominger and Cumrun Vafa

(d) J Michael Kosterlitz, Duncan Haldane and David J Thouless

28. Who among the following Mathematician is the recipient of the Abel Prize for the year 2017 ?

(a) John F Nash

(b) Yves Meyer

(c) SR Srinivasa Varadhan

(d) Andrew Wiles

29. Who among the following scholars has conceptualized the Constitution of India as a 'seamless web' ?

(a) MV Pylee

(b) DD Basu

(c) Granville Austin

(d) Subhash Kashyap

30. Which of the following statements is/are correct ?

1. Article 15 of the Constitution of India is available to both citizens of India and the foreigners

2. Article 16 of the Constitution of India is available to the citizens of India only

3. Article 21 of the Constitution of India is available to both citizens of India and the foreigners alike within the territory of India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

31. Who among the following are entitled to get the benefits of equality before the law and the equal protection of the laws as enshrined under Article 14 of the Constitution of India ?

1. All Indian citizens living in India

2. All Indian citizens living abroad

3. Foreigners living within the territory of India

4. All citizens born in India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 4

32. 1835 के अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?
   (a) इसे मैकॉले की सलाह पर गवर्नर जनरल विलियम बेंटिंक द्वारा प्रस्तावित किया गया था
   (b) इसने अंग्रेजी को भारतीय शिक्षा प्रणाली में शिक्षण की भाषा बनाया
   (c) शिक्षण की भाषा के रूप में अंग्रेजी के औपचारिक संस्थानीकरण के साथ ही भारतीय शिक्षा में एक नई दिशा की अवस्था तैयार हो गयी ।
   (d) विद्यमान प्राच्य संस्थानों के लिए, विद्यार्थियों को नई वृतिकाएँ देना तथा प्राचीन उच्च ग्रंथों का प्रकाशन, जारी रखा जाना था

33. निम्नलिखित में से किन राजवंशों ने विजयनगर राज्य के अधिराजत्व के अधीन शासन किया ?
   (a) संगम, सलुव, तुलुव तथा अराविदु
   (b) संगम, होयसल, अराविदु तथा तुलुव
   (c) होयसल, सलुव, पोलिगर तथा संगम
   (d) देवगिरि के यादव, होयसल, सलुव तथा अराविदु

34. औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?
   (a) ब्रिटिश की मौजूदगी से देशी पूंजीवाद में अवरोध आया
   (b) अबंधता से देशी पूंजीवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा मिला
   (c) पूर्वी भारत में "श्वेत सामूहिक एकाधिकार (व्हाइट कलेक्टिव मोनोपॅली)" सबसे पहले आया तथा सर्वाधिक सुदृढ़ बना रहा
   (d) रेलवे के निर्माण से पहले बॉम्बे के भीतरी प्रदेश में प्रवेश करना कठिन था

35. इस्टरीन किरे के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
   1. वह नागालैंड में जन्मीं एक कवयित्री, उपन्यासकार तथा बाल पुस्तक लेखिका हैं ।
   2. उनके काव्यात्मक उपन्यास 'व्हेन द रिवर स्लीप्स' के लिए उन्हें वर्ष 2015 का हिन्दू पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
   3. 'व्हेन द रिवर स्लीप्स' नागा प्रेतात्मा जगत की एक गवेषणा थी ।

   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

36. जलवायु परिवर्तन विषयक पेरिस समझौता के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही **नहीं** है ?
   (a) इस समझौते पर 190 से अधिक देशों ने हस्ताक्षर किये हैं (मार्च 2017 की स्थिति)
   (b) यह समझौता 4 नवम्बर 2016 को प्रभाव में आया
   (c) आशयित राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान (इंटेन्डेड नेशनली डिटर्मिंड कन्ट्रीब्युशन, INDC), जिसे 2015 के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रतिभूत किया गया था, को पेरिस समझौता में प्रत्याहरित किया गया
   (d) USA तथा चीन दोनों, पेरिस समझौता में शामिल हुए

32. Which one of the following statements about the English Education Act of 1835 is NOT correct ?
    (a) It was proposed by Governor General William Bentinck on the advice of Macaulay
    (b) It made English the language of instruction in Indian education system
    (c) With the formal institutionalization of English as the language of instruction, the stage was set for a new direction to Indian education
    (d) To the existing Oriental Institutions fresh awards of stipends to students and the publication of classical texts were to continue

33. Which one of the following dynasties ruled under the suzerainty of Kingdom of Vijayanagar ?
    (a) Sangamas, Saluvas, Tuluvas and Aravidus
    (b) Sangamas, Hoysalas, Aravidus and Tuluvas
    (c) Hoysalas, Saluvas, Poligars and Sangamas
    (d) Yadavas of Devagiri, Hoysalas, Saluvas and Aravidus

34. Which one of the following statements about the Colonial economy is NOT correct ?
    (a) The British presence inhibited indigenous capitalism
    (b) *Laissez-faire* actively promoted indigenous capitalism
    (c) The 'white collective monopoly' came earliest and remained most pronounced in Eastern India
    (d) The Bombay hinterland was difficult to penetrate before the construction of railways

35. Which of the following statement(s) about Easterine Kire is/are correct ?
    1. Born in Nagaland, she is a poet, novelist and children's book writer
    2. She is the recipient of the Hindu Prize for the year 2015 for her poetic novel 'When the River Sleeps'
    3. 'When the River Sleeps' was an exploration of the Naga spirit universe

    Select the correct answer using the code given below :

    (a) 1 only
    (b) 2 and 3 only
    (c) 1 and 3 only
    (d) 1, 2 and 3

36. Which of the following statements about the Paris Agreement on Climate Change is NOT correct ?
    (a) The agreement has been signed by more than 190 countries (as of March 2017)
    (b) The agreement went into effect on 4 November 2016
    (c) The Intended Nationally Determined Contribution (INDC) pledged during the 2015 Climate Change Conference has been withdrawn in the Paris Agreement
    (d) Both USA and China joined the Paris Agreement

**37.** अक्षय कुमार को किस हिन्दी फिल्म में, उनकी भूमिका के लिए 64 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (2017) के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के लिए चुना गया ?

(a) मुक्ति भवन

(b) नाम शबाना

(c) रुस्तम

(d) एयरलिफ्ट

**38.** भारत के संविधान के उपबन्धों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) अल्पसंख्यक-वर्ग अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन (संचालन) कर सकते हैं

(b) अनुच्छेद 30 के अधीन केवल भाषाई, नृजातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख किया गया है

(c) प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय को धार्मिक और पूर्त प्रयोजनों के लिए संस्थाओं की स्थापना करने और उनका अनुरक्षण करने का बेरोक अधिकार है

(d) किसी धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित कोई शिक्षा संस्था सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त होने पर अपना अल्पसंख्यक दर्जा खो देती है

**39.** निम्नलिखित युग्म/युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. व्यपगम का नियम | : | अनुदान का वह हिस्सा जिसे अगले वर्ष के लिये अग्रेनीत किया जा सकता है |
| 2. पूरक अनुदान | : | व्ययों को पूरा करने के के लिए अग्रिम अनुदान |
| 3. लेखानुदान | : | वित्तीय वर्ष के दौरान अनुदत्त अतिरिक्त निधियाँ |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** वर्ष 2016 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार निम्नलिखित में से किसे प्राप्त हुआ है ?

(a) के. विश्वनाथ

(b) शशि कपूर

(c) गुलज़ार

(d) मनोज कुमार

**41.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा, भारत के लिए सेक्रेटरी ऑफ स्टेट का पद सृजित किया गया ?

(a) दि काउंसिल्स ऐक्ट 1861

(b) भारत सरकार अधिनियम (द गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट) 1858

(c) मॉर्ले मिंटो सुधार

(d) मोन्टेग्यू चेम्सफर्ड सुधार

37. Akshay Kumar was chosen for the best actor award for the 64th National Film Awards (2017) for his role in the Hindi film

(a) Mukti Bhawan

(b) Naam Shabana

(c) Rustom

(d) Airlift

38. Which one of the following statements about the provisions of the Constitution of India is correct ?

(a) Minorities can establish and administer educational institutions of their choice

(b) Only linguistic, ethnic and religious minorities find mention under Article 30

(c) Every religious denomination has unfettered right to establish and maintain institutions for religious and charitable purposes

(d) An educational institution established by a religious minority loses its minority status on receiving financial aid from the Government

39. Which of the following pair(s) is/are correctly matched ?

1. Rule of lapse : Part of grant that can be carried over to next year

2. Supplementary grant : An advance grant to meet expenditures

3. Vote on account : Additional funds granted in the course of financial year

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) None of the above

40. Who among the following has won the Dadasaheb Phalke award for the year 2016 ?

(a) K Viswanath

(b) Shashi Kapoor

(c) Gulzar

(d) Manoj Kumar

41. Which one of the following had created the office of the Secretary of State for India ?

(a) The Councils Act 1861

(b) The Government of India Act 1858

(c) The Morley Minto Reforms

(d) Montague Chelmsford reforms

42. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (लेखक) | सूची II (पुस्तक) |
| --- | --- |
| A. हर्मन कुल्के | 1. द देहली सल्तनत : ए पोलिटिकल एण्ड मिलिटरी हिस्ट्री |
| B. ब्रजदुलाल चट्टोपाध्याय | 2. द एमर्जेन्स ऑफ देहली सल्तनत : AD 1192-1296 |
| C. पीटर जैक्सन | 3. द स्टेट इन इंडिया : 1000-1700 |
| D. सुनील कुमार | 4. द मेकिंग ऑफ अर्ली मिडिवल इंडिया |

कूट :

| | A | B | C | D |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

43. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (अधिकारी) | सूची II (धारित पद) |
| --- | --- |
| A. समाहर्त्री | 1. महल के रक्षकों की प्रमुख |
| B. सन्निधात्री | 2. राजस्व की प्रधान संग्राहक |
| C. संस्थाध्यक्षा | 3. कोषपाल |
| D. अंतरवंशिका | 4. बाजार अधीक्षक |

कूट :

| | A | B | C | D |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

44. 'भूमंडलीकरण' का अर्थ और सार सर्वाधिक उचित रूप से निम्नलिखित में से किसमें अंतर्निहित है ?

1. यह विश्व के दो या अधिक राज्यों के बीच बाह्य संबंधों के संचालन के बारे में है ।
2. यह राज्यक्षेत्रों को परे रखते हुए विश्व-व्यापी सामाजिक संबंधों के एक साथ आने की प्रक्रिया है ।
3. यह लोगों को प्रभावित करने वाले वैश्विक जोखिमों के बारे में राज्यक्षेत्रीयता के परे विचार को निर्दिष्ट करता है ।
4. इसमें अधिराज्य (सुप्रास्टेट) शासन की आकांक्षी दृष्टि सन्निहित है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

45. वर्ष 2017 के गोल्डमैन पर्यावरणीय पुरस्कार (गोल्डमैन एंवायर्मेंटल प्राइज) के छः विजेताओं में से एक, निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) जादव पायेंग

(b) अनादीश पाल

(c) प्रफुल्ल सामांत्रा

(d) सुन्दरलाल बहुगुणा

**42.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Author)* | List II *(Book)* |
|---|---|
| A. Herman Kulke | 1. The Delhi Sultanate : A Political and Military History |
| B. Brajadulal Chattopadhyaya | 2. The Emergence of Delhi Sultanate : AD 1192-1296 |
| C. Peter Jackson | 3. The State in India : 1000-1700 |
| D. Sunil Kumar | 4. The Making of Early Medieval India |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**43.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Official)* | List II *(Office held)* |
|---|---|
| A. Samahartri | 1. Chief of the Palace Guards |
| B. Samnidhatri | 2. Chief collector of revenue |
| C. Sansthadhyaksha | 3. Treasurer |
| D. Antaravamshika | 4. Superintendent of markets |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**44.** Which of the following most suitably captures the meaning and essence of 'globalization' ?

1. It is about conducting external relations between two or more States of the world
2. It is a process of coming together of world-wide social relations bypassing territories
3. It refers to thinking transterritorially about global risks affecting people
4. It has a wishful vision of suprastate governance

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 2 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**45.** Who among the following is one of the six winners of the Goldman Environmental Prize, for the year 2017 ?

(a) Jadav Payeng

(b) Anadish Pal

(c) Prafulla Samantra

(d) Sunderlal Bahuguna

46. पद्म श्री सुदर्शन पटनायक किसलिए विख्यात हैं ?

(a) उपन्यासकार

(b) गोल्फ खिलाड़ी

(c) शास्त्रीय नर्तक

(d) बालुका कलाकार (सैंड आर्टिस्ट)

47. संसद् में बजट के पारित होने के विभिन्न चरणों का सही अनुक्रम, निम्नलिखित में से कौन सा है

1. बजट की प्रस्तुति
2. विभागीय समितियों द्वारा जाँच
3. वित्तीय विधेयक का पारित होना
4. विनियोग विधेयक का पारित होना

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1 – 2 – 4 – 3

(b) 1 – 3 – 2 – 4

(c) 2 – 1 – 3 – 4

(d) 4 – 3 – 2 – 1

48. निम्नलिखित में से किस एक राज्य की सरकार ने केन्द्र-राज्य संबंधों के अध्ययन के लिए राजामन्नार समिति की नियुक्ति की है ?

(a) आंध्र प्रदेश सरकार

(b) कर्नाटक सरकार

(c) महाराष्ट्र सरकार

(d) तमिलनाडु सरकार

49. निम्नलिखित में से कौन सा, धर आयोग (1948) का अधिदेश था ?

(a) राज्यों के वर्गीकरण का अध्ययन करना

(b) यह संस्तुति देना कि क्या राज्यों का पुनर्गठन भाषाई आधार पर किया जा सकता है

(c) केन्द्र-राज्य संबंधों का अध्ययन करना

(d) यह परीक्षण करना कि क्या मद्रास नगर को आंध्र में अंतरित किया जा सकता है

50. शब्द और अर्थ के निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) खलीसा : वे गाँव, जहां की आय सीधे राज्य कोष में जाती थी

(b) मौजा : विद्रोही राज्यक्षेत्र

(c) ईनाम : विद्वान तथा धार्मिक व्यक्ति को आबंटित भूमि

(d) जागीर : मन्सबदारों को उनके वेतन के एवज में दिया गया राज्य क्षेत्रीय आबंटन

51. निम्नलिखित इमारतों में से किस एक में पहली मौजूद सही मेहराब (ट्रू आर्क) पाई गई है ?

(a) अढ़ाई दिन का झोंपड़ा

(b) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद

(c) सुल्तान बलबन का मकबरा

(d) अलाई दरवाजा

52. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) शरफ काई अल्लाउद्दीन खिलजी का एक मंत्री था

(b) गियासुद्दीन तुगलक के अधीन मक्तीसों (मुक्तियों) को यह चेतावनी दी गयी थी कि वे अपने किसी भी अधिकारी के साथ, उसके वेतन से अधिक और ऊपर ली गयी छोटी राशि के लिए, दुर्व्यवहार न करें

(c) अरबी कृति मसालिक-इ-अब्सार में मोहम्मद बिन तुगलक के अधीन इक्ता प्रणाली की कार्यपद्धति का वर्णन है

(d) मार्को पोलो ने दक्षिण भारत में तूतिकोरिन की मुक्ता मात्स्यिकी (पर्ल फिशरी) के बारे में उल्लेख नहीं किया है

46. Padma Shri Sudarsan Pattnaik is well known as a

(a) novelist

(b) golfer

(c) classical dancer

(d) sand artist

47. Which one of the following is the correct sequence of different stages a budget has to go through in the Parliament ?

1. Presentation of the Budget
2. Scrutiny by Departmental Committees
3. Passing of Finance Bill
4. Passing of Appropriation Bill

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 – 2 – 4 – 3

(b) 1 – 3 – 2 – 4

(c) 2 – 1 – 3 – 4

(d) 4 – 3 – 2 – 1

48. Government of which one of the following States has appointed the Rajamannar Committee to study the Centre-State relations ?

(a) Government of Andhra Pradesh

(b) Government of Karnataka

(c) Government of Maharashtra

(d) Government of Tamil Nadu

49. Which one of the following was the mandate of the Dhar Commission (1948) ?

(a) To study the classification of States

(b) To recommend whether the States can be re-organized on linguistic basis

(c) To study the Centre-State relations

(d) To examine whether Madras city can be transferred to Andhra

50. Which one of the following pairs of term and meaning is NOT correctly matched ?

(a) Khalisa : Villages whose income went directly to the State Treasury

(b) Mauza : Rebellious territory

(c) Inam : Land allotted to learned and religious man

(d) Jagir : Territorial assignment given to Mansabdars in lieu of salary

51. In which one of the following buildings the first extant true arch is found ?

(a) Arhai din ka Jhonpra

(b) Quwwat ul Islam Mosque

(c) Tomb of Sultan Balban

(d) Alai Darwaza

52. Which one of the following statements is NOT correct ?

(a) Sharaf Qai was a minister of Allauddin Khalji

(b) Under Giyasuddin Tughluq Muqtis were warned not to ill-treat any of their officials for small amounts taken over and above their salaries

(c) The Arabic work masalik-i-Absar gives description of the functioning of *Iqta* system under Muhammad bin Tughluq

(d) Marco Polo has not mentioned about Pearl Fishery of Tuticorin in South India

**53.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(पुस्तक)** | सूची II **(लेखक)** |
|---|---|
| A. द वर्ल्ड ऐज आई सी इट | 1. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम |
| B. हाउ टु लिव लोंगर एण्ड फील बेटर | 2. स्टीफन हॉकिंग |
| C. द थिअरी ऑफ एवरीथिंग | 3. अल्बर्ट आइंस्टाइन |
| D. इंडोमिटेबल स्पिरिट | 4. लिनस पॉलिंग |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**54.** निम्नलिखित में से किस देश ने, 1 अप्रेल 2017 से वैध भुगतान पद्धति के रूप में बिटकोइन को आधिकारिक (औपचारिक) रूप से मान्य किया है ?

(a) जापान

(b) चीन

(c) USA

(d) भारत

**55.** निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिए तथा व्यक्ति को पहचानिए :

वह अप्रैल 1932 में जन्मीं, एक प्रख्यात हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायक थीं । उन्हें जयपुर घराने के नव प्रवर्तक प्रतिपादक के रूप में माना जाता था । वह पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित थीं । वे संगीत नाटक अकादमी की फेलो भी थीं । उनकी मृत्यु अप्रैल 2017 में हुई ।

(a) मृणालिनी साराभाई

(b) मोगुबाई कुर्डीकर

(c) किशोरी अमोनकर

(d) एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी

**56.** विजय हजारे ट्रॉफी 2017 का विजेता निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) उत्तरप्रदेश

(b) कर्नाटक

(c) असम

(d) तमिलनाडु

**57.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(समिति)** | सूची II **(विषय)** |
|---|---|
| A. रंगराजन समिति | 1. कर सुधार |
| B. नरसिंहन समिति | 2. बीमा सुधार |
| C. केलकर समिति | 3. PSEs में शेयरों का विनिवेश |
| D. मल्होत्रा समिति | 4. बैंकिंग क्षेत्रक सुधार |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

53. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Book)* | List II *(Author)* |
|---|---|
| A. The World As I See It | 1. APJ Abdul Kalam |
| B. How to Live Longer and Feel Better | 2. Stephen Hawking |
| C. The Theory of Everything | 3. Albert Einstein |
| D. Indomitable Spirit | 4. Linus Pauling |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

54. Which one of the following countries has officially recognized Bitcoin as a legal payment method since 1st April 2017 ?

(a) Japan

(b) China

(c) USA

(d) India

55. Consider the following passage and identify the person :

*Born in April 1932, she was a renowned Hindustani classical vocalist. She was recognized as an innovative exponent of the Jaipur Gharana. She was awarded Padma Bhushan and Padma Vibhushan. She was also a Fellow of Sangeet Natak Akademy. She died in April 2017.*

(a) Mrinalini Sarabhai

(b) Mogubai Kurdikar

(c) Kishori Amonkar

(d) MS Subbulakshmi

56. Which one of the following is the winner of the Vijay Hazare Trophy 2017 ?

(a) Uttar Pradesh

(b) Karnataka

(c) Assam

(d) Tamil Nadu

57. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Committee)* | List II *(Subject)* |
|---|---|
| A. Rangarajan Committee | 1. Tax Reform |
| B. Narsimhan Committee | 2. Insurance Reform |
| C. Kelkar Committee | 3. Disinvestment of shares in PSEs |
| D. Malhotra Committee | 4. Banking Sector Reform |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

58. अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित में से किन क्षेत्रकों के साथ, कृषि तथा सेवाएँ क्रियाकलाप संबद्ध हैं ?

(a) क्रमशः प्राथमिक तथा तृतीयक

(b) क्रमशः प्राथमिक तथा द्वितीयक

(c) क्रमशः तृतीयक तथा द्वितीयक

(d) क्रमशः द्वितीयक तथा चतुर्थक

59. इलाहाबाद प्रशस्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) यह गुप्त साम्राज्य को विविध राजनीतिक संबंधों के एक जटिल जाल के अधिकेन्द्र के रूप में, स्पष्टतया प्रस्तुत करता है

(b) इसकी पंक्ति 15, कोटा परिवार के एक राजा को बन्दी बनाने को, निर्दिष्ट करती है

(c) इसकी पंक्ति 23, आर्यावर्त के बहुत से राजाओं का समुद्रगुप्त द्वारा हिंसापूर्वक विनाश किये जाने को, निर्दिष्ट करती है

(d) इसकी पंक्ति 20, गुप्त राजा को कर देने वाले और उसका आदेश पालन करने वाले शासकों को निर्दिष्ट करती है

60. गुप्त काल के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) इस काल में बलात् श्रम (विष्टि), पहले की तुलना में अधिक प्रचलित हुआ

(b) विष्णु पुराण के एक उद्धरण में निर्दिष्ट है कि प्रयाग तक गंगा से लगे सभी भूभागों पर गुप्त वंश का आधिपत्य था

(c) महरौली शिलालेख यह इंगित करता है कि चन्द्रगुप्त बंगाल में शत्रुओं के राज्यसंघ के विरूद्ध लड़ा था और उसने पंजाब में भी एक अभियान का नेतृत्व किया था

(d) सौराष्ट्र, गुप्त सम्राज्य का हिस्सा नहीं था

61. सुकन्या समृद्धि स्कीम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) 10 वर्ष की आयु तक की लड़कियों के माता-पिता ही अपनी बेटियों के नाम से ऐसे खाते खोल सकते हैं

(b) इनके अंशदान आयकर अधिनियम की धारा 80C के अधीन कर लाभों के लिये स्वीकार्य हैं

(c) इस पर प्राप्त किये गये ब्याज पर, प्रति वर्ष 1500 रूपये तक की छूट प्राप्त है

(d) इस खाता में प्रति वर्ष अधिक से अधिक 1·50 लाख रूपये निवेश किये जा सकते हैं

62. निम्नलिखित में से वे सुधार कौन से हैं, जिन्हें बजट 2017-2018 में लाया गया है ?

1. बजट की प्रस्तुति अग्रिम करके 1 फरवरी की गई ताकि वित्तीय वर्ष की शुरूआत से मंत्रालय सभी क्रियाकलापों को संचालित करने में समर्थ हो सकें ।
